दिन– शनिवार दिनांक– 01 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के चुनाव प्रचार में विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं ने लगाया जोर। खराब मौसम के बावजूद कर रहे हैं सभाएं और रोड शो।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज विभिन्न स्थानों पर करेंगी जनसभाएं।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आरा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री मोदी का पटना में रोड शो का भी कार्यक्रम।

04. और, प्रदेश में चक्रवात मोंथा के प्रभाव से जनजीवन हुआ प्रभावित। मौसम विभाग का अररिया, पूर्णिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर आज भारी बारिश का पूर्वानुमान।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान की तारीख नजदीक आने के साथ ही चुनाव प्रचार तेज होता जा रहा है। पहले चरण के लिए अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में छह नवंबर को मतदान होना है। एनडीए और महागठबंधन के अलावा विभिन्न पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं के आज कई चुनावी सभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इधर, विभिन्न हिस्सों में आज भी बारिश हो रही है। खराब मौसम के कारण चुनाव प्रचार बाधित हो सकता है। कल खराब मौसम के कारण विभिन्न स्टार प्रचारकों और वरिष्ठ नेताओं की कई चुनावी सभा को रद्द करना पड़ा था। और ब्योरा हमारे संवाददाता से...

–––बाईट–––

भाजपा के वरिष्ठ नेता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज गोपालगंज, हाजीपुर और समस्तीपुर जिले में तीन जन सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा सिवान और मुजफ्फरपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर और सारण जिले में नौ जनसभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मुजफ्फरपुर और सारण जिले में एनडीए के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई जनसभाओं में भाग लेंगे। महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव आज मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण और वैशाली जिले में कई चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी सांसद प्रियंका गांधी आज सहरसा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। इधर, पटना जिले के मोकामा में हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत के बाद राजनीतिक दलों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार पटना।

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान आज बोचहां, मढौरा, तरैया, अमनौर और गरखा में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इधर, सीपीआई, सीपीएम, जन सुराज पार्टी, जनशक्ति जनता दल और बहुजन समाज पार्टी सहित अन्य दलों के नेता भी अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाएं करेंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल भोजपुर के आरा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री मोदी इसी दिन पटना में रोड शो भी करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री का रोड शो पटना के राजेन्द्रनगर स्थित दिनकर गोलम्बर से नाला रोड, ठाकुरबारी रोड, बारी पथ और बाकरगंज होते हुये उद्योग भवन तक होगा। इस रोड शो के माध्यम से श्री मोदी पटना जिले की चौदह विधानसभा सीटों के एनडीए उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील करेंगे।

---

पटना उच्च न्यायालय ने दानापुर विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी रीतलाल यादव की चुनाव प्रचार के लिए औपबंधिक जमानत की अर्जी खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति अरूण कुमार झा की एकल पीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुये यह फैसला सुनाया। गौतलब है कि एमपी एमएलए कोर्ट ने निवर्तमान विधायक रीतलाल यादव को नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए पुलिस संरक्षण में भागलपुर जेल से दानापुर लाने का निर्देश दिया था। जिसके बाद उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया। इधर, रीतलाल यादव की पत्नी रिन्कू कुमारी पर खगौल थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। रिन्कू कुमारी पर प्राथमिकी विद्यालय कोथवां मुसहरी की प्रधान शिक्षिका के पद पर रहते हुये चुनाव प्रचार करने का आरोप है।

---

रोहतास के मोहनिया विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी श्वेता सुमन और जहानाबाद के घोसी सीट से राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार राकेश कुमार सिंह के नामांकन पत्रों को रद्द किये जाने के खिलाफ पटना उच्च न्यायायल में याचिका दायर की गयी है। इन याचिकाओं पर आज सुनवाई की जायेगी।

---

राजद ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिख कर बिहार सरकार पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाया है। राजद सांसद मनोज झा की ओर से लिखे गये पत्र के अनुसार बिहार में छह अक्टूबर से आचार संहिता लागू होने के बावजूद मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को सत्रह, चौबीस और इकतीस अक्टूबर को

दस–दस हजार रूपये की राशि दी गयी है। श्री झा ने आयोग से इस पर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है।

———————————————————————

अब चुनाव से जुड़ी अन्य खबरें....

सीतामढ़ी जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में सेवा मतदाता, विशेष मतदाता और चुनाव कार्य में लगे कर्मियों के लिए पोस्टल बैलट से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अलग अलग फैसिलिटेशन सेंटर पर छह नवंबर तक डाक मतदान की व्यवस्था की गई है।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार के लिए प्रस्तावित अररिया दौरे को लेकर जिला पदाधिकारी अनिल कुमार और पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने संभावित सभास्थल फारबिसगंज हवाईफील्ड का निरीक्षण किया। वहीं, स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता के लिए अररिया स्थित खेल भवन से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के मदनपुर में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री समेत अन्य अधिकारियों ने लोगों से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

———————————————————————

भागलपुर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में थानावार समीक्षा की गई। इस दौरान कुख्यात अपराधियों को क्षेत्र बदर करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

———————————————————————

रोहतास जिले में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चलाये जा रहे छापामारी अभियान के तहत पुलिस ने दरीगांव थाना क्षेत्र में एक घर से लगभग दो किलो गांजा, एक देसी कट्टा और तीन कारतूस बरामद किये है।

———————————————————————

प्रदेश में मोंथा चक्रवात के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। इसके प्रभाव से कई हिस्सों में पिछले तीन दिनों से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। पटना सहित कई स्थानों पर आज भी सुबह से ही हल्की बूंदाबूदी हो रही है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज अररिया, पूर्णिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

———बाइट———

विभाग के अनुसार कल से मोन्था का प्रभाव कम होने के साथ ही बारिश की गतिविधियों में भी कमी आयेगी। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गयी। सुपौल के वीरपुर में सबसे अधिक एक सौ अड़तालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। बारिश के कारण कई जिलों में धान की फसल और सब्जियों को नुकसान हुआ है। दलहन, तेलहन और रबी फसलों की बुआई भी प्रभावित हुई है।

———————————————————————

नई दिल्ली से चली चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा कल रात पटना सिटी स्थित गुरु का बाग गुरुद्वारा पहुंची। यह यात्रा तेईस अक्टूबर को श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज और खालसा की माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब को लेकर नई दिल्ली के गुरुद्वारा मोती बाग साहिब से रवाना हई थी। इस यात्रा को लेकर गुरु का बाग गुरुद्वारा में विशेष दीवान सजाया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी शामिल हुए। आज यह यात्रा गुरु का बाग से नगर कीर्तन के रूप में अशोक राजपथ के रास्ते तख्त हरिमंदिर साहिब आयेगी। यहां, पवित्र जोड़ा साहिब तख्त साहिब में सौंपा जायेगा।

———————————————————————

आज देवोत्थान एकादशी है। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन पिछले पांच महीने से निद्रा में रहे देव जागते हैं। देव के जागने के साथ ही सभी मांगलिक कार्यों की शुरूआत होती है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस अवसर पर बेगूसराय के सिमरिया धाम में शाही स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। जिला प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं।

———————————————————————

स्वर कोकिला और पद्म पुरस्कारों से सम्मानित स्वर्गीय शारदा सिन्हा की आज प्रथम पुण्यतिथि है। इस अवसर पर उनकी स्मृति में पटना के रविन्द्र भवन में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सीता राम सिंह, तृप्ति शाक्या, शारदा सिन्हा की पुत्री वंदना सिन्हा समेत कई प्रतिष्ठित कलाकार गीतांजलि अर्पित करेंगे।

———————————————————————

यूजीसी ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा, नेट में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को अपडेट आधार कार्ड के साथ आवेदन करने को कहा है। यूजीसी के अनुसार अगर किसी परीक्षार्थी के आधार कार्ड पर पुरानी फोटो होगी और वर्तमान चेहरे से मिलान नहीं होगा तो ऐसे आवेदनों को रद्द किया जा सकता है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय एकता दिवस पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से सीतामढ़ी के सर्वेश कुमार सुमन का चयन गृह मंत्री दक्षता पदक दो हजार पच्चीस के लिए किया गया है। सुरसंड प्रखंड के राधाउर निवासी श्री सुमन को यह पदक नक्सल विरोधी अभियान के सफल संचालन के लिए दिया जायेगा।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उस वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने कहा है कि बिहार चुनाव की छवि चमकाने और राजनीतिक लाभ के लिए सीमा अभ्यास को बढ़ावा दिया जा रहा है। पत्र सूचना कार्यालय– पीआईबी की तथ्य जाँच इकाई ने बताया है कि एआई सृजित यह वीडियो पाकिस्तान द्वारा प्रसारित किया जा रहा है। पीआईबी ने कहा है कि किसी अधिकारी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। पीआईबी ने घटना का असली वीडियो भी अपलोड किया है। इकाई ने लोगों से ऐसे फर्जी दावों की रिपोर्ट factcheck@pib.gov.in पर ईमेल के माध्यम से करने का भी आग्रह किया है।

———————————————————————————

पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में आज से बिहार और मेघालय के बीच रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मैच खेला जायेगा। मोन्था तूफान के कारण मैच प्रभावित होने की आशंका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैदान के चारो ओर पानी जमा है और आउट फिल्ड भी गीला है। रणजी ट्रॉफी के इस सत्र में अब तक बिहार की टीम अब तक दो मैच खेल चुकी है। इसमें एक जीत और एक ड्रा रहा है। एक बोनस अंक के साथ बिहार प्लेट ग्रुप में दूसरे स्थान पर है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने एनडीए की ओर से जारी संकल्प पत्र से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– एनडीए का संकल्प, बिहार में औद्योगिक क्रांति होगी। अखबार लिखता है– किसान सम्मान निधि से नौ हजार रूपये मिलेंगे, कर्पूरी सम्मान के तहत तीन हजार रूपये का अंशदान राज्य सरकार देगी।

इसी खबर को दैनिक जागरण ने अपनी पहली लीड बनाते हुये लिखा है– संकल्प पर राजग की घोषणा, एक करोड़ से अधिक सरकारी नौकरी और रोजगार, गरीबों के लिए पंचामृत गारंटी।

दैनिक भास्कर लिखता है– बारह फ्रेंडली सीटों पर एनडीए उम्मीदवार से सीधी लड़ाई में परेशान है, महागठबंधन। अखबार लिखता है– महागठबंधन, न सिंबल छीन सकते, न पार्टी से निकाल पा रहे, मजबूरन फ्रेंडली फाइट कर रहे।

प्रभात खबर का शीर्षक है– बड़े भाई तेज प्रताप के खिलाफ महुआ में प्रचार करेंगे तेजस्वी।

राष्ट्रीय सहारा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– हर अवैध प्रवासी को देश से बाहर निकाला जायेगा।

आज अखबार उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– काशी विश्वनाथ की तर्ज पर होगा बाबा हरिहरनाथ मंदिर का विकास।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के चुनाव प्रचार में विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं ने लगाया जोर। खराब मौसम के बावजूद कर रहे हैं सभाएं और रोड शो।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज विभिन्न स्थानों पर करेंगी जनसभाएं।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आरा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री मोदी का पटना में रोड शो का भी कार्यक्रम।

04. और, प्रदेश में चक्रवात मोंथा के प्रभाव से जनजीवन हुआ प्रभावित। मौसम विभाग का अररिया, पूर्णिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर आज भारी बारिश का पूर्वानुमान।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।